तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 26. 0 डिग्री

# हरिभूमि जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 26 सितंबर 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती


स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत शहर से लेकर गांव-गांव तक चला स्वच्छता अभियान

4



## खबर संक्षेप

### योगीताबाली खापर्डे बनी जांजगीर की नई सीएसपी

**जांजगीर-चांपा।** बलौदा बाजार जिले के थाना कसडोल, रायपुर कोतवाली, लालबाग जैसे बड़े बड़े थाना प्रभारी रह चुकी सुश्री योगीताबाली खापर्डे को जांजगीर चांपा जिले का नया सीएसपी बनाया गया है। वहीं कविता ठाकुर को आईएसीएडबलयू का चार्ज दिया गया है। ज्ञात हो कि पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय कसावट लाने के उद्देष्य से पदों में फेरबदल किया गया है। थाना जांजगीर, चौकी नैला, सायबर सेल, पुलिस कंट्रोल रूम नोडल एवं कविता ठाकुर को बालक विरुद्ध अपराध अनुसंधान इकाई, महिला सेल, परिवार परामर्श व अजाक का नोडल प्रदीप कुमार सोरी अकलतरा मुख्यालय को उसके वर्तमान नोडल थाना अकलतरा, मुलमुला, बलौदा, चौकी पंतोरा के साथ साथ थाना पामगढ़ नोडल का चार्ज दिया गया है।

### अमृत सरोवर स्थलों पर चला सामूहिक सफाई अभियान

**जांजगीर-चांपा।** स्वच्छता ही सेवा-2025 अभियान एवं सामूहिक श्रमदान अभियान एक दिन - एक घंटा - एक साथ कार्यक्रम के तहत जिले के सभी विकासखंड की ग्राम पंचायतों में महात्मा गांधी नरेगा से निर्मित अमृत सरोवर स्थल पर सामूहिक सफाई अभियान चलाया गया। इस अवसर पर सरपंच, पंचायत प्रतिनिधि एवं स्व-सहायता समूह की सदस्याओं ने श्रमदान करते हुए परिसर की साफ-सफाई की। अभियान के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को स्वच्छता का संदेश दिया और कहा कि स्वच्छ वातावरण से ही स्वस्थ जीवन संभव है।

### शासकीय उचित मूल्य दुकान के संचालन के लिए आवेदन 10 तक

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के प्रावधानों के तहत अनुविभागीय अधिकारी (रा) अकलतरा ने विकासखंड अकलतरा के ग्राम करूमहू के शासकीय उचित मूल्य दुकान आबंटन के लिए 10 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित किया गया है।

### आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई 19 लीटर महुआ शराब जब्त

**जांजगीर-चांपा।** आबकारी आयुक्त सुश्री आर. शंगीता एवं कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देश तथा प्रभारी सहायक आयुक्त आबकारी श्रीमती नीलिमा दीघ्रस्कर के विशेष मार्गदर्शन में जिले में अवैध शराब निर्माण एवं भंडारण पर कार्रवाई की गई। आबकारी विभाग की टीम ने गुरुवार को दो अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर कुल 19 लीटर हाथभट्ठी महुआ शराब जब्त की। पहली कार्रवाई में जांजगीर वृत्त के आरोपी यशोदा नंदन सोनझरी निवासी कुदरी के मकान से 10 लीटर हाथभट्ठी महुआ शराब बरामद की गई। वहीं दूसरी कार्रवाई में बलौदा वृत्त के आरोपी सुरेंद्र कुमार बंजारे निवासी लेवई की बाड़ी से 9 लीटर महुआ शराब जब्त की गई।

# बंद होने के कगार पर बहेराडीह का सरकारी स्कूल, पहली कक्षा में सिर्फ 1 विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

जिले के कई गांवों में सरकारी स्कूलों की स्थिति दयनीय होती जा रही है। सिवनी-चांपा से लगे बहेराडीह गांव का प्राथमिक विद्यालय भी बंद होने की कगार पर पहुंच चुका है। यहां पहली से पांचवीं तक की कक्षाओं में कुल मिलाकर मात्र 24 बच्चे दर्ज हैं।

गौरतलब है कि बलौदा विकासखंड अंतर्गत आने वाले सिवनी-चांपा से लगे बहेराडीह गांव का प्राथमिक विद्यालय भी बंद होने की कगार पर पहुंच चुका है। स्थिति यह है कि कक्षा पहली में सिर्फ एक बच्चा जयप्रकाश यादव ही पढ़ रहा है। दूसरी कक्षा में केवल 3, तीसरी में 7, चौथी में 6 और पाँचवीं में 7 बच्चे शामिल हैं। स्कूल में कुल तीन शिक्षक पदस्थ हैं, जिनमें एक महिला शिक्षिका भी हैं। जनभागीदारी शाला विकास समिति के विरोध पर इनमें से एक निजी स्कूल तो बंद हुआ, लेकिन दूसरा अब भी संचालित है और वहाँ पहली से आठवीं तक पर्याप्त संख्या में बच्चे पढ़ रहे हैं। इसी तरह की स्थिति यहाँ के मिडिल स्कूल की भी है। वहीं आश्चर्यजनक तथ्य यह है कि इतने कम दर्ज बच्चों के बावजूद गांव में 2 निजी स्कूलों को मान्यता दी गई। जनभागीदारी शाला विकास समिति के विरोध पर इनमें से एक निजी स्कूल तो बंद हुआ, लेकिन दूसरा अब भी संचालित है और वहां पहली से आठवीं तक पर्याप्त संख्या में बच्चे पढ़ रहे हैं। जनभागीदारी शाला विकास समिति के तत्कालीन अध्यक्ष दीनदयाल यादव ने हाल ही में कलेक्टर जन्मेजय महोबे से मुलाकात कर वस्तुस्थिति से अवगत कराया है। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर चेतावनी दी है कि यदि समय रहते सरकारी स्कूल में दर्ज बच्चों की संख्या पर ध्यान नहीं दिया गया, तो यहां की प्राथमिक और मिडिल दोनों स्कूलें बंद हो जाएंगी। शिक्षा विभाग अब तक सरकारी स्कूल की इस दुर्दशा से पूरी तरह बेखबर है। स्कूल बंद होने से बच्चों को अन्य जगह जाकर पढ़ने की मजबूरी हो सकती है।

## पांचों कक्षाओं में ले देकर 24 छात्र छात्राएं

**दर्ज संख्या पर एक नजर**

- कक्षा पहली : 01 बच्चा
- कक्षा दूसरी : 03 बच्चे
- कक्षा तीसरी : 07 बच्चे
- कक्षा चौथी : 06 बच्चे
- कक्षा पांचवीं : 07 बच्चे
- कुल : 24 बच्चे

**प्राथमिक स्कूल में शिक्षकों की स्थिति**

- शिक्षक : 02
- शिक्षिका : 01
- कुल : 03



### शिक्षक करें पहल

बहेराडीह के प्राथमिक शाला में बच्चों की दर्ज संख्या कम होना चिंता का विषय है। बच्चों की संख्या बढ़ाने को लेकर संबंधित शिक्षक अभिभावक एवं गांव के लोग पहल कर सकते है। इस संबंध में अधिकारियों के माध्यम से जानकारी भी ली जाएगी।

- अश्वनी भारद्वाज
डीईओ
जांजगीर चांपा

## जांजगीर व सक्ती जिले में खाद्य विभाग ने की कार्रवाई

# नहीं कराई ईकेवायसी, राशन कार्ड से कटे 99 सौ सदस्यों के नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

वन नेशन-वन राशन कार्ड योजना के तहत पारदर्शिता लाने और फर्जीवाड़ा रोकने खाद्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। जांजगीर-चांपा और सक्ती जिले में 9 हजार 908 से अधिक सदस्यों के नाम राशनकार्ड से हटा दिए गए हैं। इनमें जांजगीर-चांपा जिले के 2,239 और सक्ती जिले के 7 हजार 669 सदस्य शामिल हैं।

गौरतलब है कि खादय सुरक्षा अधिनियम के तहत नि शुल्क खादयान एवं राशि खर्च करके पीडीएस का चांवल पाने वाले हितग्राहियो के लिए ईकेवायसी कराना अनिवार्य कर दिया गया है। वही ईकेवायसी नही कराने की स्थिती में राशनकार्ड से सदस्यो का नाम निरस्त किया गया है। उक्त कार्यवाही राज्य शासन स्तर से की गई है। जांजगीर चाम्पा एवं सक्ती जिले को मिलाकर करीब 9 हजार 908 सदस्यो के नाम राशन कार्ड से निरस्त करने की कार्यवाही की गई है। इनमें जांजगीर चाम्पा जिले से 2 हजार 239 एवं सक्ती जिले से करीब 7 हजार 669 सदस्यो के नाम राशन कार्ड से बाहर कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि खादय विभाग के द्वारा राशनकार्ड धारी सदस्यो को पूर्व में ईकेवायसी कराने को लेकर निर्देश जारी किया गया था। इसके बाद भी इस पर ध्यान नही देने की स्थिती में राशनकार्ड निरस्ती करने की कार्यवाही की गई है। जिसके चलते आने वाले दिनो मे करीब 9 हजार 9 सौ से अधिक राशन कार्ड धारी सदस्यो को राशन पाने से वंचित होना पड सकता है। ऐसे में उनको राशन उठाव को लेकर परेशानी हो सकती है। जांजगीर चाम्पा एवं सक्ती जिले के पामगढ, नवागढ, बलौदा, बम्हनीडीह, अकलतरा, मालखरौदा, सक्ती, जैजैपुर एवं डभरा क्षेत्र में राशनकार्ड धारी सदस्यो के द्वारा ईकेवायसी को लेकर ध्यान तक नही दिया गया। जिसके बाद राशन कार्ड से इन सदस्यो का नाम हटा दिया गया है। प्रत्येक ब्लाक से औसतन 1 हजार 1 सौ सदस्यो का नाम राशन कार्ड से निरस्त किया गया है।




### घर घर कर रहे सत्यापन, और कट सकते है नाम

इधर खादय विभाग एवं उनकी टीम के द्वारा राशनकार्ड धारी परिवार के सदस्यो के घरो तक पहुंचकर अपने राशनकार्डो का भौतिक सत्यापन कराने को लेकर हितग्राहियो से चर्चा करके कार्डो का भौतिक सत्यापन भी कर रहे है। इस दौरान राशन कार्ड के साथ साथ प्रत्येक सदस्यो का आधार कार्ड, मोबाइल नंबर, सदस्य संख्या की जानकारी अपडेट होनी चाहिए। इसे लेकर टीम के द्वारा भौतिक सत्यापन कार्य कराया जा रहा है। साथ ही साथ बडी संख्या में सस्पेक्टेड राशन कार्डो को आने वाले दिनो में निरस्तीकरण करने की कार्यवाही की जा सकती है। अब ऐसे में राशन हितग्राहियों मे हड़कंप मच गया है। अब ऐसे में राशन कार्ड निरस्त होने के डर से हितग्राही अब ईकेवायसी कराने को लेकर चिंतित नजर आ रहे है।

### किया गया निरस्तीकरण

ऐसे राशनकार्ड धारी सदस्य जिन्होने ईकेवायसी नही कराया या फिर उनकी मौत अथवा पलायन करने वाले करीब 22 सौ से अधिक सदस्यो का नाम राशन कार्ड से हटाया गया है। इस तरह की कार्यवाही शासन स्तर से की गई है।

-कौशल साहू,
जिला खाद्य अधिकारी
जांजगीर-चांपा

# बोलेरो से 55 किलो गांजा जब्त दो तस्करों को किया गिरफ्तार

## शिवरीनारायण पुलिस की बड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

शिवरीनारायण पुलिस ने नशे के कारोबार पर करारा प्रहार करते हुए बोलेरो वाहन से 55 किलो 320 ग्राम गांजा जब्त किया है। कार्रवाई में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जब्त गांजा और वाहनों समेत कुल 15 लाख 71 हजार रुपये का माल जब्त किया गया है।

इस संबंध में शिवरीनारायण पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शिवरीनारायण पुलिस को मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली कि बुधवार 24 सितंबर को महासमुंद जिले से बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 06 जीएस 0190 में भारी मात्रा में गांजा लेकर बिलासपुर की ओर भेजा जा रहा है। सूचना पर पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी चांपा यदुमणि सिदार के नेतृत्व में थाना प्रभारी शिवरीनारायण द्वारा विशेष टीम गठित कर नेहरू बालोद्यान, शिवरीनारायण के पास घेराबंदी की गई। पुलिस द्वारा रेड कार्रवाई के दौरान पुलिस ने बोलेरो वाहन को पायलटिंग कर रही एक काले-नीले रंग की बजाज पल्सर मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीवाय 8441 को रोका। तत्पश्चात बोलेरो वाहन को रोककर जांच की गई। इस दौरान उनके कब्जे से 55 किलो गांजा जब्त किया गया। जब्त गांजा की कीमत 6 लाख 40 हजार बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने आरोपी कमल कुमार भोई पिता नेत्रमणि भोई, उम्र 25 वर्ष, निवासी बामराडीह थाना बसना जिला महासमुंद व आशीष नंद पिता सुकदेव नंद उम्र 38 वर्ष निवासी गेर्राभाठा थाना बसना जिला महासमुंद को गिरफ्तार किया। इसके साथ ही अन्य दो अज्ञात आरोपी एवं महिला आरोपी की तलाश जारी है। आरोपियों का कृत्य धारा 20 (बी), 29 स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 के तहत दंडनीय पाया गया। आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया एवं शेष आरोपियों की तलाश जारी है।




जब्त गांजा के साथ पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### क्षेत्र में धडल्ले से हो रहा गांजा की तस्करी

जिले के शिवरीनारायण क्षेत्र में धडल्ले से गांजा की तस्करी हो रही है। गांजा तस्कर लोग उड़ीसा से गांजा लाकर उसे महंगे दामों में बेचते है। तस्कर बरमकेला, सारंगढ़, शिवरीनारायण, पामगढ़, राहौद, खरौद सहित अन्य क्षेत्रों में खुलेआम मादक पदार्थो की बिकी करते है। साथ ही गांजा की तस्करी मध्यप्रदेश में भी ले जाकर की जाती है। शिवरीनारायण, पामगढ़ थाना में इस तरह का मामला पूर्व में भी देखने को मिल चुका है। बावजूद इसके जिम्मेदार पुलिस प्रशासन के अफसर इस पर कार्रवाई नहीं कर पा रहे है। जिसके चलते गांजा तस्करों के हौसले बुलंद होते चले जा रहे है। हाल के कुछ वर्षो पूर्व पामगढ़ पुलिस द्वारा भी गांजा तस्कर पर कार्रवाई की गई थी।

# रेत माफिया से लेन-देन का आडियो वायरल, बसपा ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

■ पामगढ़ में होगा पुतला दहन, विधायक के खिलाफ कार्रवाई की मांग

बहुजन समाज पार्टी के तत्वाधान में सोमवार 29 सितंबर को पामगढ़ विधायक श्रीमती शेषराज हरवंश पर रेत माफिया से कथित दस लाख रुपए के लेन-देन का आडियो वायरल होने के मामले में विरोध-प्रदर्शन किया जाएगा। बसपा कार्यकर्ता राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी (रा) पामगढ़ को सौंपेंगे तथा विधायक का पुतला दहन करेंगे। पूर्व विधायक श्रीमती इंदू बंजारे ने सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आंदोलन को सफल बनाने की अपील की है

### उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति के लिए 25 तक आवेदन

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर के उच्च व्यावसायिक संस्थानों जैसे आईआईटी, एम्स, आई आई एम, एनएलयू, एमबीबीएस, एनआईटी, आदि में चयन उपरांत प्रवेश प्राप्त करने हेतु आर्थिक सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना संचालित की जा रही है। सत्र 2025-26 के लिए पात्र अभ्यर्थी 25 अक्टूबर तक निर्धारित प्रपत्र में आवेदन कर सकते हैं।

# पांचवीं–आठवीं बोर्ड अंकसूची सुधार में शिक्षा विभाग की लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

बिर्रा- पांचवीं आठवीं त्रुटि अंकसूची को सुधार कार्य करके विघालय में नहीं भेजा गया है जिसके कारण छात्र छात्राओं को अंकसूची नहीं मिलने से पालक को बड़ी परेशानी हो रही

पांचवीं आठवीं बोर्ड परीक्षा सभी विघालय स्तर पर आयोजित किया गया था तथा पांचवीं आठवीं कक्षा बोर्ड परीक्षा मे सभी छात्र छात्राओं का विघालय से रोल नं नाम एक्शल सीट भी शैक्षिक समन्वयक के माध्यम से भेजा गया था परन्तु परीक्षा भी शांति पूर्वक संपन्न भी हो गया तथा सभी विघालय के कक्षा पांचवीं आठवीं कक्षा बोर्ड के परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद भी सभी विघालय में छात्र छात्रा के अंकसूची भी भेजा गया था तथा विघालय में पांच वी आठवी की अंकसूची में व्यापक स्तर से छात्र छात्रा का नाम गलत कही मे पालक का नाम गलत तो किसी भी विघार्थियों के कुल अंक में गड़बड़ी तो किसी भी छात्र छात्रा के अंक में ऊपर नीचे अंक दर्शाया गया है कुल मिलाकर इस बार जिलाशिक्षा विभाग के व्दारा पांचवीं आठवीं बोर्ड परीक्षा मे अंकसूची पर बड़ी पैमाने पर गलती किया गया है जब इस अंकसूची को सुधार करने के लिए सभी विघालय ने अंकसूची भी जमा कर दिया गया है किन्तु अभी तक अधिकांश विघालय के अंकसूची सुधार करके नहीं भेजा गया है। जिसके चलते पालक एवं बच्चों को परेशानी उठानी पड़ रही है।






## रेस्क्यू टीम ने घटनास्थल पर लोगों की जान बचाने किया अभ्यास

# शिवरीनारायण व कुकदा में बाढ़ आपदा से बचाव के लिए मॉकड्रिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में बाढ़ आपदा से बचाव के लिए शिवरीनारायण स्थित महानदी नदी के बाबाघाट एवं कुकदा रिंगनी के कंजी नाला में विशेष मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। उक्त माकड्रिल भारत सरकार के गृह मंत्रालय एवं राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, नई दिल्ली के सहयोग से छत्तीसगढ़ शासन द्वारा किया गया है।

मॉकड्रिल के दौरान अपर कलेक्टर आर.के. तंबोली, एसडीएम जांजगीर सुब्रत प्रधान, एसडीएम पामगढ़ देवेंद्र चौधरी, एसडीएम चांपा सुमित बघेल सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी व स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। मॉकड्रिल में मोटर बोट, स्क्यूबा डायविंग, लाइफ जैकेट, सर्च लाइट एवं विभिन्न प्रकार के बचाव उपकरण का प्रयोग कर बाढ़ बचाव कार्य का लाइव डेमो (मॉकड्रिल) किया गया। इसमें नदी में डूबते व्यक्तियों को सुरक्षित निकालना, तेज बहाव में फंसे लोगों को बचाकर सुरक्षित स्थान पर पहुँचाना, क्षतिग्रस्त इमारतों में फंसे लोगों को बाहर निकालना तथा आपदा प्रबंधन में आधुनिक बचाव उपकरणों का प्रयोग कर प्रदर्शित किया गया। मॉकड्रिल में बताया गया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के घरों में उपलब्ध होने वाली सामग्रियों जैसे गोल बर्तन, ड्रम, मटका, ट्यूब, प्लास्टिक बॉटल, इत्यादि सामग्रियों का राफ्ट तैरती हुई संरचना) बनाना एवं पीने के पानी की बोतल को एयर टाइट कर लाइफ जैकेट बनाकर डूबते हुए व्यक्ति को बचाया जा सकता है। इसके अलावा अग्निशमन टीम ने आग लगने के बाद उत्पन्न होने वाली अत्यधिक गर्मी को नियंत्रित करने के लिए पानी के छिड़काव के माध्यम से तापमान को संतुलित करने का अभ्यास किया। इस दौरान स्थानीय प्रशासन और नागरिकों को आपदा की स्थिति में उठाए जाने वाले जरूरी कदमों की जानकारी भी दी गई।



आपदा से बचाने मॉकड्रिल में जुटे रेस्क्य टीम।




## खबर संक्षेप

### शिक्षक ईमानदारी व निष्ठा से करें दायित्वों का निर्वहन : जयपुरिया



**बिर्रा।** संकुल केंद्र बिर्रा, सिलादेही एवं डीडीएस बिर्रा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित संकुल स्तरीय शिक्षक सम्मान एवं विदाई समारोह में मुख्य अतिथि गगन जयपुरिया अध्यक्ष जिला स्थाई शिक्षा समिति ने कहा कि शिक्षक बच्चों को जिम्मेदार नागरिक बनाने से लेकर उच्च पदों तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाते हैं। इसके बावजूद कई सरकारी स्कूलों में शिक्षकों द्वारा बच्चों से पढ़ाई के बजाय मजदूरी जैसे कार्य करवाना, शराब पीकर स्कूल आना और अपने बच्चों को निजी विद्यालयों में भेजना चिंताजनक है। उन्होंने सभी शिक्षकों से अपील की कि वे पूरी ईमानदारी, सत्यता और निष्ठा के साथ अपने दायित्व निभाएं तथा गरीब बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पीली बाई साहू सरपंच बिर्रा, मनोज कुमार तिवारी, एफ.एल. साहू, गीता प्रसाद तिवारी उपस्थित रहे। अध्यक्षता मोहन कुमारी साहू ने की और संचालन संतोष कुमार यादव ने किया। बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से अतिथियों का मन मोह लिया। आभार लखन लाल कश्यप ने व्यक्त किया। इस अवसर पर संकुल केंद्र बिर्रा, सिलादेही व डीडीएस बिर्रा के समस्त शिक्षक, शिक्षिकाएं, बच्चे एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नई कार्यकारिणी गठित

**जांजगीर-चांपा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की जांजगीर इकाई का नवीन गठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रमुख पदाधिकारियों की अनुशंसा पर जिला विद्यार्थी विस्तारक ताम्रध्वज साहू की उपस्थिति में नारायण कुंज संघ कार्यालय जांजगीर में किया गया, जिसमें नगर मंत्री का दायित्व छात्र नेता उदय पांडेय को सौंपा गया। सहमंत्री के रूप में आर्यन सिंह, शिवांश सिंह, अनामिका सिंह एवं भूमि राठौर को बनाया गया। महाविद्यालय प्रमुख अनुराग त्रिपाठी, कार्यालयीन प्रमुख संस्कार पांडेय,स्टडी सर्कल प्रमुख संस्कार त्रिपाठी बनाए गए। अद्वैत शुक्ला, सुजल दुबे, अनिश शर्मा, श्रीकांत मिश्रा, प्रांजल देवांगन, अभिनव सिंह, अभय सिंह,अनिरुद्ध चौधरी, आदर्श जायसवाल,सूरज राठौर, आयुष यादव, रोहन शुक्ला, रितेश राठौर,कृष्णा राठौर, नितेश साहू, दीपमाला साहू मोजूद थे।

### पामगढ़ परिक्षेत्र साहू समाज का हुआ चुनाव, गजानंद बने अध्यक्ष



**पामगढ़।** पामगढ़ परिक्षेत्र साहू संघ का अध्यक्षीय निर्वाचन मंगलवार 23 सितंबर को दोपहर 2 बजे संपन्न हुआ। इस चुनाव में समाज के लोगों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई। अध्यक्ष पद के लिए कुल दो प्रत्याशी मैदान में थे, जिसमें गजानंद साहू ने बहुमत प्राप्त कर विजय हासिल की। उनके साथ-साथ अन्य पदाधिकारियों का निर्वाचन भी सम्पन्न हुआ, जिसमें उपाध्यक्ष गजानंद साहू, सचिव किशोर साहू, महिला उपाध्यक्ष श्रीमति राजेश्वरी साहू, सह-सचिव श्रीमती सरोज साहू को बनाया गया। शांतिपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया में त्रिशंकु साहू जिला उपाध्यक्ष, रामनाथ साहू तहसील अध्यक्ष, ईश्वरी साहू पूर्व परिक्षेत्र अध्यक्ष, शशि साहू परिक्षेत्र अध्यक्ष, धरदेई, राजेश साहू परिक्षेत्र अध्यक्ष, मोहन साहू सचिव सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारियों ने सहयोग दिया।

## निधन

### लेखराम कश्यप



**जांजगीर-चांपा।** ग्राम तुलसी के प्रतिष्ठित नागरिक एवं जलसंसाधन विभाग से सेवा निवृत समयपाल लेखराम कश्यप का मंगलवार 23 सितम्बर की रात्रि में निधन हो गया। वे 71 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार बुधवार 24 सितम्बर की सुबह गांव के मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि उनके सुपुत्र रामकृष्ण कश्यप (रोजगार सहायक) ने दी। सरल स्वभाव के धनी श्री कश्यप कुछ समय से बीमार चल रहे थे। वे अपने पीछे एक पुत्र एवं एक पुत्री सहित नाती-पोतो से भरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए है। उनके अंतिम यात्रा में परिजन एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### अनील कुमार साहू



**तालदेवरी।** आदर्श ग्राम तालदेवरी बाजार मुहल्ला के प्रतिष्ठित नागरिक अनील कुमार साहू का गुरुवार 25 सितंबर को निधन हो गया। वे 53 वर्ष के थे। वे आर पी एफ पुलिस पदस्थ होकर मनेन्द्रगढ में सेवा दे रहे थे। वे कुछ दिन से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार हसदेव नदी तट पर स्थित स्थानीय मुक्ती धाम में किया गया। वे दो पुत्री व एक पुत्र का परिवार छोड़ गए है। मुखाग्नि जेष्ठ पुत्र भूपेंद्र कुमार साहू ने दी। उनके अंतिम यात्रा में परिजन एवं ग्रामीण अधिक संख्या में शामिल हुए।

विशेष साज सज्जा करने के साथ-साथ सुबह और शाम की जा रही पूजा अर्चना

# महामाया मंदिर मे पूजा अर्चना के लिए उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़


हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

नगर के ऐतिहासिक रामसागर तालाब में स्थित सिद्ध महामाया मंदिर में क्वांर शारदीय नवरात्रि पर्व भक्ति भाव एवं हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं द्वारा महामाया देवी की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया जा रहा है।

नवरात्रि पर मंदिर में विशेष साज सज्जा करने के साथ-साथ सुबह और शाम विशेष आरती-पूजा की जा रही है।नवरात्रि पर्व पर यहां 648 तेल ज्योति कलश और 183 घृत ज्योति कलश प्रज्वलित हो रहे हैं। मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष सौरभ सिंह, सदस्य नंद कुमार चौधरी एवं रविन्द्र साहू ने बताया कि शारदीय नवरात्रि पर्व पर मंदिर में सुबह शाम मंगल आरती करने के साथ-साथ पूजा अर्चना की जा रही है। पंचमी के अवसर पर महामाया देवी को ध्वज का अर्पण किया जाएगा। प्राचीन समय से ही पंचमी के दिन माता रानी को ध्वज अर्पण करने की परंपरा चली आ रही है। सप्तमी के दिन विशेष पूजा अर्चना करने के साथ नवमी में मंदिर में हवन और पूजा के बाद भंडारे का आयोजन होगा। भंडारे में नगर के लोगों द्वारा उपस्थित होकर प्रसाद ग्रहण किया जाएगा। नवरात्रि पर मंदिर के पुजारी श्यामसुंदर दुबे और हेमंत कुमार दुबे द्वारा पूजा अर्चना करने के साथ ज्योति कलश कक्ष में रतनपुर से आए हुए प्रशिक्षित लोगों द्वारा 24 घंटे देख रेख की जा रही है। नगर में स्थित महामाया देवी मंदिर प्राचीन होने के साथ-साथ नगर के लोगों द्वारा मंदिर में आकर नवरात्रि पर पूजा अर्चना करने के साथ मंदिर परिसर में महिला कीर्तन मंडली द्वारा जस गीत और अन्य देवी गीतों की प्रस्तुति दी जा रही है।



महामाया मंदिर में विराजी मां




प्रज्जवलित मनोकामना ज्योति कलश

### महामंडलेश्वर राजेश्री ने किया विधि विधान से पूजा-अर्चना



**नवागढ़।** शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर महामंडलेश्वर राजेश्वरी रामसुंदर दास महराज जुड़ावन शुक्ल महाराज द्वारा प्रतिष्ठापित शक्ति स्वरूपा मां देवी दर्शन के लिये नवागढ़ पहुंचे। यहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रदेश एवं क्षेत्र वासियों के खुशहाली एवं सुख-शांति की मंगलकामना की। इस अवसर पर नगर के वरिष्ठ कांग्रेसी संतोष साहू, दिलदार खान, बसंत सिंह पवांर, ठाकुर कमलेश कुमार सिंह, निर्मलदास जी, एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे।

### चैतन्य देवी की झांकी दर्शन पाने पहुंच रहे श्रद्धालु



**अकलतरा।** ब्रह्माकुमारीज प्रभु अनुराग भवन कोटमीसुनार भाठापारा के द्वारा नवरात्रि के अवसर पर चैतन्य देवियों की झांकी लगाई जा रही है जिसे देखने के लिए क्षेत्र वासियों की भीड़ उमड़ रही है। इस दौरान गीता सार सुखन जीवन का आधार कार्यक्रम के अंतर्गत बी के शशि प्रभा के द्वारा क्षेत्र वासियों को भगवत गीता के आध्यात्मिक रहस्यों से परिचित कराया जा रहा है। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए बीके प्रभा ने बताया कि कि श्रीमद् भगवत गीता सर्व शास्त्रों में शिरोमणि है। गीता स्वयं भगवान का गाया हुआ मधुर गीत है बुद्धिमत्ता की कुंजी है कमजोर लोगों के लिए टॉनिक है इसमें अपार संपत्ति छिपी हुई है इसमें आध्यात्मिक पर खुशहाल जीवन जीने के रहस्य छिपे हुए हैं इस गीता ज्ञान यज्ञ में इन रहस्यों का उद्घाटन किया जाएगा। यह शास्त्र तो मन के नकारात्मक और सकारात्मक विचारों की युद्ध और उसमें सही निर्णय अर्थात धर्म के पक्ष में निर्णय लेने की शिक्षा देती है, गीता मां की तरह हमारे अंदर श्रेष्ठ संस्कारों का सृजन करती है गीता मनुष्य को खुशहाल जीवन जीने की कला सिखाती है गीता मोक्षदायिनी है इसलिए जीवन रहते ही इसका अनुसरण पठन-पाठन अध्ययन करना चाहिए। आगामी दिनों के कार्यक्रम में आध्यात्मिक रहस्य का प्रकटीकरण, ज्ञान योग, कर्म अकर्मक विकर्म का बोध ,कर्म योग ,परम सत्य का बोध ,विराट स्वरूप दर्शन, विभूति योग ,सृष्टि का अनादि सत्य,कल्पतरु कथा राजयोग ,भक्ति योग, खुशहाल जीवन हेतु संपूर्ण विधि श्रवण कराया जाएगा । कथा समय शाम 4:00 से 6:00 तक है। इस आयोजन के लिए ब्रह्मकुमारिज सेवाकेंद्र से जुड़े टीकाराम कैवर्तय और रामनाथ सोनी जुटे हुए हैं । नवरात्रि के इस पावन पर्व पर चैतन्य देवियों की झांकी संध्या 6:00 से 8:00 बजे तक लगाई जा रही है जिसमें द्वितीय दिवस पर भी भक्तों की भीड़ लगी रही। आगामी दिनों में चैतन्य देवी स्वरूप में दुर्गा मां के विभिन्न रूपों का श्रद्धालु दर्शन कर पाएंगे।

## राज्य स्तर पर राजेन्द्र कुमार सिंह शाला की एनएसएस इकाई ने प्राप्त किया सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा संचालित राजेंद्र कुमार सिंह उच्चतर माध्यमिक शाला अकलतरा का चयन राज्य स्तर पर सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई युक्त संस्था सत्र 2024- 25 के रूप में किया गया है।

यह राज्य स्तरीय पुरस्कार 24 सितंबर को राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री के हाथों रा से यो कार्यक्रम अधिकारी आर के पाण्डेय, श्रीमती वर्षा यादव एवं प्राचार्य आर के विश्वकर्मा ने संयुक्त रूप से पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार रायपुर में प्राप्त किया। पुरस्कार में प्रमाण पत्र एवं तीस हजार रुपए की राशि विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई को प्राप्त हुई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में टंकराम वर्मा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, उच्च शिक्षा मंत्री, अशोक श्रोती क्षेत्रीय निदेशक भोपाल छत्तीसगढ़ एवं उपसलाहकार भारत सरकार एन भारतीदासन सचिव उच्य शिक्षा विभाग, संतोष देवांगन आयुक्त उच्य शिक्षा विभाग, राज्य राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ नीता बाजपेई उपस्थित थे। ज्ञात हो कि यह पुरस्कार राष्ट्रीय सेवा योजना में सतत उत्कृष्ट कार्य करने जैसे स्वच्छता, मतदाता जागरूकता, नशा मुक्ति, शिक्षा और स्वास्थ्य, साक्षरता, रक्तदान, पर्यावरण जागरूकता,सामाजिक कार्यों में युवाओं की सहभागिता , वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की जानकारी ,जल संरक्षण जन जागरूकता कार्यक्रम के निरंतर आयोजन द्वारा युवाओं को प्रेरित करने हेतु प्राप्त हुआ है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम राज्य राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉक्टर नीता बाजपेई, डॉ ललित प्रकाश पटेरिया कुलपति शहिद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. रविंद्र चौबे जिला संगठक प्रो बी के पटेल तथा अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट के मार्गदर्शन में होता है । इस अवसर पर अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष सौरभ सिंह, उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल, सचिव ईश्वर खंडेलिया, पंकज दोषी, स्वप्निल जैन , विकास केडिया ,अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट के समस्त सदस्यों , विद्यालय के समस्त स्टाफ के द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उत्तरोत्तर प्रगति की कामना की है।

## ज्ञानरोशनी कॉलेज ऑफ फार्मेसी में मनाया गया विश्व फार्मासिस्ट-डे

**जांजगीर-चांपा।** ज्ञानरोशनी कॉलेज ऑफ फार्मेसी जांजगीर में 25 सितंबर को वर्ल्ड फार्मासिस्ट दिवस मनाया गया। वर्ल्ड फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर आज हमारे ज्ञानरोशनी कॉलेज आफ फार्मेसी में आयोजित कार्यक्रम बहुत ही शानदार कार्यक्रम का आयोजन रखा गया।

महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ अखिलेश कटकवार और प्राचार्य दिनेश सोनी, शंभूनाथ यादव, मेघ कुमार नाई, रवि यादव सहित सभी स्टाफ और छात्रों की उपस्थिति ने इस कार्यक्रम को और भी विशेष बनाया। महाविद्यालय के प्राचार्य के द्वारा छात्रों को बताया गया कि फार्मासिस्ट दिवस का उद्देश्य फार्मासिस्टों की महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करना और स्वास्थ्य सेवा में उनके योगदान को सम्मान देना है, जो बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस वर्ष फार्मेसी काउंसिल आफ इंडिया द्वारा थीम स्वास्थ्य के बारे में सोचें, फार्मासिस्ट के बारे में सोचें बहुत ही प्रेरणादायक है और हमें फार्मासिस्टों के महत्व को समझने के लिए प्रेरित करता है। हमारे महाविद्यालय में आज आयोजित खेल कूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम ने निश्चित रूप से छात्रों को फार्मेसी के पेशे के प्रति और भी उत्साहित कार्यक्रम का आयोजन सफलता पूर्वक मनाया गया। संस्था के संचालक डॉ अखिलेश कटकवार द्वारा फार्मासिस्ट की भूमिका तथा जिम्मेदारी की ओर विशेष प्रकार डालते हुए कहा गया कि फार्मासिस्ट के महत्व को कभी भी नकारा नहीं जा सकता। चिकित्सा प्रणाली की जड़ फार्मासिस्ट ही होते हैं अच्छे स्वास्थ्य के लिए सोचते हैं तब हमें अच्छे फार्मासिस्ट के बारे में भी सोचना चाहिए संस्था का प्रयास रहेगा की उच्च स्तरीय फार्मासिस्ट संस्था से उत्तीर्ण होकर समाज सेवा का कार्य करें संस्था संचालक में इस अवसर पर सबको बहुत-बहुत बधाई दी तथा समाज की सेवा के लिए शपथ दिलाई।




## दुर्गोत्सव की धूम



शिव तलाब वीरभाठा मालखरौदा



दुर्गा उत्सव समिति गौरा चौक मालखरौदा




दुर्गा उत्सव समिति राजा पारा मालखरौदा



एकता दुर्गा उत्सव समिति ब्लॉक कॉलोनी मालखरौदा



मां कृपा दुर्गोत्सव समिति थाना के पास नगर पंचायत पामगढ़



गोकुलधाम सोसायटी दुर्गोत्सव समिति नगर पंचायत पामगढ़



नव दुर्गोत्सव समिति रामगढ़ मोहल्ला पामगढ़



सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति बस स्टैण्ड - फगूरम

टीसीएल कॉलेज में शिक्षा में एआई के महत्व और प्रभाव पर व्याख्यान माला आयोजित

## डिजिटल युग में कृत्रिम बुद्धिमत्ता केवल तकनीक तक सीमित नहीं : पाटले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

शासकीय टी.सी.एल. पीजी कॉलेज जांजगीर में आईक्यूएसी, कंप्यूटर एप्लीकेशन, कंप्यूटर साइंस और गणित विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का तात्पर्य और प्रभाव विषय पर व्याख्यानमाला का आयोजन प्राचार्य डॉ. डीआर लहरे के मार्गदर्शन में किया गया।


कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. एम.एल. पाटले थे। उन्होंने कहा कि इस डिजिटल युग में कृत्रिम बुद्धिमत्ता केवल तकनीक तक सीमित नहीं है, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, तथा शोध के क्षेत्रों में भी इसका महत्वपूर्ण योगदान है। शिक्षा प्रणाली में एआई आधारित टूल्स विद्यार्थियों की सीखने की शैली को समझकर उन्हें व्यक्तिगत मार्गदर्शन दे रहे हैं, जिससे शिक्षा अधिक सुलभ और प्रभावी हो रही है। वाणिज्य संकाय के प्रो डा एसके मधुकर ने एआई के शिक्षा में महत्व की जानकारी दी और इसका प्रयोग अध्ययन और शोध की गुणवत्ता के लिए किए जाने पर जोर दिया। ग्रंथपाल ओपी. सिंह ने एआई के विभिन्न क्षेत्रों में उपयोग पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि एआई का प्रयोग आज ई-लाइब्रेरी प्रबंधन, सूचना खोज, डेटा विश्लेषण, साइबर सुरक्षा, ऑनलाइन शिक्षण तथा स्मार्ट सिटी निर्माण जैसे क्षेत्रों में किया जा रहा है। एआई के माध्यम से बड़े-बड़े डेटा को कुछ ही सेकंड में विश्लेषित कर नई संभावनाओं को जन्म दिया जा सकता है। उन्होंने पीपीटी के माध्यम से सरल ढंग विद्यार्थियों को इस विषय की जानकारी दी। विषय विशेषज्ञ कंप्यूटर एप्लिकेशन विभाग की डॉ. सीमा देवांगन ने अपने व्याख्यान में एआई के महत्व और इसके शैक्षणिक एवं शोध परिदृश्य पर विस्तृत जानकारी दी। समाजशास्त्र विभाग के प्रो राजेश दुबे ने एआई के उपयोग के सामाजिक प्रभाव की जानकारी देते हुए बहुत ही सावधानी से इसके उपयोग की बात कही। इसके पहले कंप्यूटर एप्लिकेशन और गणित के विभागाध्यक्ष प्रो आरजी खूंटे ने एआई के इतिहास और आने वाले वर्षों में रोजगार के स्वरूप, शोध पद्धतियों और शिक्षा की गुणवत्ता में इसके योगदान पर चर्चा की। कंप्यूटर एप्लिकेशन विभाग की मुस्कान साहू ने कहा कि एआई के उपयोग से अवसरों के नए द्वार खुलेंगे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कोमल शुक्ला ने किया। कार्यक्रम में प्राध्यापकगण और छात्र-छात्रा बड़ी संख्या में उपस्थित थे।




कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते अतिथि।

## पत्नी का हत्यारा गिरफ्तार

**रायगढ़।** छाल पुलिस ने एक अंधे कत्ल का राजफाश कर पत्नी की हत्या करने वाले पति को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया है। जानकारी के अनुसार ग्राम ऐडुकला की रहने वाली 26 वर्षीय शारदा की तबीयत 6 सितंबर को अचानक बिगड़ने पर उसके पिता और भाई उसे सीएचसी कटघोरा ले गए थेए जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। 23 सितंबर को यह मर्ग डायरी जांच के लिए थाना कटघोरा से थाना छाल को सौंपी गई। थाना प्रभारी छाल निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी ने बारीकी से जांच शुरू की और पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु की प्रकृति होमीसाइडल पाई गई। इस खुलासे के बाद मायके पक्ष व गांव के लोगों से पूछताछ की गई, जिसमें पता चला कि मृतका का पति धनेश्वर श्रीवास अक्सर उससे मारपीट करता था। पुलिस ने संदेह के घेरे में आए पति से सख्ती से पूछताछ की तो उसने कबूल किया कि 3 सितंबर की रात खाने में हुए विवाद पर उसने हाथ-पैर से पत्नी की जमकर पिटाई की थी। चोटों से उसकी हालत बिगड़ी और इलाज के दौरान उसकी जान चली गई। छाल पुलिस ने फॉरेंसिक टीम की मदद से क्राइम सीन री-क्रिएट कराया, महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए और आरोपी के कबूलनामे की वीडियो फोटोग्राफी भी की। इसके बाद आरोपी धनेश्वर श्रीवास को हत्या के अपराध में गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गयाए जहां से उसे रिमांड पर भेज दिया गया।



## खबर संक्षेप

### कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ



**तुस्मा।** ग्राम पंचायत तुस्मा में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव का शुभारंभ श्रद्धा और उत्साह के साथ हुआ। इस अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें गांव की महिलाओं, युवाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों ने पारंपरिक वेशभूषा में बढ़-चढ़कर भाग लिया। कलश यात्रा सुबह 9 बजे स्थानीय भूफोड़ लिंगेश्वर महादेव से होते हुए कथा स्थल तक के मार्ग में भक्तों ने भगवन्नाम संकीर्तन करते हुए वातावरण को भक्तिमय बना दिया। महिलाओं ने सिर पर रंग-बिरंगे वस्त्रों में सजाए गए कलश रखकर शोभा बढ़ाई, वहीं ढोल-नगाड़ों और घ। कथा वाचक पंडित योगेश्वरानंद महाराज प्रतिदिन शाम 4 बजे से 7 बजे तक श्रीमद्भागवत कथा का रसपान करा रहे है। प्रथम दिन की कथा में उन्होंने श्री गणेश वंदना और व्यास पीठ की महिमा का वर्णन करते हुए जीवन में धर्म, भक्ति और सदाचार के महत्व को बताया।

### बच्चों ने स्वच्छता का लिया संकल्प किचन गार्डन में किया श्रमदान

**बिर्रा।** छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर शासकीय हाई स्कूल सलिहाघाट (बिर्रा) में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विद्यार्थियों व शिक्षकों द्वारा




स्वच्छता शपथ,हाथ धुलाई, विद्यालय में शिक्षकों की सहायता से स्वच्छता,एक दिन, एक घंटा ,एक साथ श्रमदान का आयोजन समुदाय में जागरूकता पैदा करने के लिए आयोजित किया गया। स्वच्छता अभियान में कर्मचारी व छात्र-छात्राएं ने मिलकर श्रमदान कर साफ सफाई की और उपस्थित सभी को शपथ दिलाई गई कि वह न केवल स्वयं सुरक्षित रहेंगे, बल्कि अपने गांव को भी सुरक्षित एवं स्वच्छ बनाएंगे। प्रभारी प्राचार्य अभय कुमार पांडेय ने कहा कि स्वच्छता के साथ ही हरियाली को भी बढ़ावा देने के लिए स्कूल प्रांगण में फलदार,छायादार पौधे का रोपण भी किया गया है। शिक्षक बुद्धेश्वर कश्यप ने कहा कि स्वच्छता और हरियाली ही गांव की पहचान है यदि प्रत्येक छात्र छात्राओं व नागरिक किसी भी स्थान में गंदगी नहीं फैलाएगा और पेड़ पौधों की देखभाल करेगा तो आने वाले वर्षों में यह एक आदर्श ग्राम के रूप में पहचाना जाएगा।

### सामाजिक समरसता एवं समान नागरिक संहिता जनजागरण अभियान संचालन समिति की बैठक आयोजित



**सक्ती।** सामाजिक समरसता एवं समान नागरिक संहिता जनजागरण अभियान एव समान नागरिक संहिता संबन्धित सभी समाज प्रमुख की कार्य विभाजन संबंधित बैठक 24 सितंबर को आई सेक्ट कंप्यूटर सेंटर सक्ती मे संचालन समिति के संबध मे बैठक रखी गई। 29 सितंबर को समान नागरिक संहिता के संबंध में मुख्य वक्ता के रूप में गुरु मां सांध्वी रेणुका राष्ट्र शक्ति न्याय गंगोत्री धाम हिमालय एवं अखिल भारतीय मार्गदर्शन मंडल सदस्य विश्व हिंदू परिषद के द्वारा सामुदायिक भवन में 29 सितंबर को सभी समाज प्रमुखों के अलावा शिक्षा जगत प्रमुख, वकील प्रमुख, डॉक्टर प्रमुख,,महात्मा, पंडित ,समाज प्रमुख,सरपंच, जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य को संबोधित करेंगी इसके लिए संचालक समिति का गठन समिति प्रमुख कृष्णकांत चंद्रा के द्वारा सभी को अगल अलग कार्य की जबबादारी दिया गया। मुख्य रूप से कृष्णकांत चंद्रा, सोनसाय देवांगन, चेतन महंत, रंजीत अजगले,अशोक जलतारे, रामनरेश यादव, नितिन सोनी,डां श्याम चन्द्रा,धनू डनसेना, राजा सोनी, युवराज चन्द्रा,गोविन्द चंद्रा, गंगाधर चन्द्रा, रामा चन्द्रा, राजेंद्र चन्द्रा, प्रकाश चन्द्रा, अजय राठौर, ऊकार यादव, देव आशिश पटेल,उपस्थित रहे। अन्त मे आभार प्रदर्शन रामनरेश यादव के द्वारा किया गया।

ऐतिहासिक लक्ष्मणेश्वर मंदिर में सामूहिक श्रमदान कर दिया साफ-सफाई का संदेश

# स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत शहर से लेकर गांव- गांव तक चला स्वच्छता अभियान



स्वच्छता अभियान के तहत लक्ष्मणेश्वर मंदिर में साफ-सफाई करते कलेक्टर एवं अन्य।



शपथ लेती स्वच्छता दीदी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जिले के शहर से लेकर गांव-गांव तक स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान ऐतिहासिक लक्ष्मणेश्वर मंदिर में सामूहिक श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अभियान में कलेक्टर जन्मेजय महोबे शामिल हुए। उन्होंने स्वच्छता अभियान में शामिल लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई।

जिले में स्वच्छता ही सेवा 2025 कार्यक्रम एवं छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव के तहत एक दिन, एक घंटा, एक साथ की थीम पर खरौद स्थित ऐतिहासिक लक्ष्मणेश्वर मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान में कलेक्टर जन्मेजय महोबे शामिल हुए और उन्होंने मंदिर परिसर के आस पास साफ-सफाई करते हुए लोगों को स्वच्छता का संकल्प दिलाया। इस दौरान उन्होंने लक्ष्मणेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना करते हुए जिले के खुशहाली की कामना की। इसके साथ ही "एक दिन, एक घंटा, एक साथ" की थीम पर आयोजित इस श्रमदान कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भागीदारी की। कलेक्टर श्री महोबे ने उपस्थित स्वच्छता दीदी एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल अभियान नहीं बल्कि एक सतत जिम्मेदारी है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि हर नागरिक संकल्प ले कि अपने आसपास, गांव और जिले को स्वच्छ बनाने में अपनी भूमिका निभाए। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण से न केवल स्वास्थ्य अच्छा रहता है बल्कि धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहरों को भी नई ऊर्जा और आकर्षण मिलता है। मंदिर प्रांगण, आसपास के मार्ग और सार्वजनिक स्थलों पर सामूहिक श्रमदान कर लोगों ने यह संदेश दिया कि सामूहिक प्रयासों से ही स्वच्छता का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। अभियान में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, स्वयंसेवी संगठन, महिला समूह, विद्यार्थी एवं श्रद्धालु उत्साहपूर्वक शामिल हुए। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए संकल्प लिया कि मंदिर परिसर और नगर को स्वच्छ रखने में वे निरंतर सहयोग करेंगे। इस दौरान कलेक्टर ने स्वच्छता दीदियों को प्रमाण पत्र और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष गोविंद यादव, उपाध्यक्ष महेश्वर यादव, गोविंद यादव, प्रबोध शुक्ला, चंद्रकांत तिवारी, शरद चंद शर्मा, भवानी शंकर साहू, प्रमोद सोनी, पुष्पराज त्रिपाठी सहित खरौद सीएमओ सत्यनारायण देवांगन, जनप्रतिनिधि एवं स्वच्छता दीदी व स्थानीय ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### रंगोली बनाकर दिया स्वच्छता का संदेश

स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 एवं सामूहिक श्रमदान अभियान - एक दिन, एक घंटा, एक साथ कार्यक्रम के तहत जिले जनपद पंचायत की विभिन्न ग्राम पंचायतों में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, स्वच्छता दीदियों और ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही। ग्राम पंचायत उदेबंद में सरपंच, पंच, सचिव, रोजगार सहायक एवं ग्रामीणों ने मिलकर श्रमदान किया और पूरे गांव में साफ-सफाई का विशेष अभियान चलाया। इसी प्रकार ग्राम पंचायत बोकरामुडा के आश्रित ग्राम टींगीपुर में भी ग्रामीणों ने श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। जनपद पंचायत बलौदा मुख्यालय पर भी अधिकारियों और कर्मचारियों ने सामूहिक श्रमदान किया। वहीं विकासखण्ड बलौदा नवापारा में स्वच्छता के संदेश को रोचक तरीके से प्रदर्शित करने के लिए स्वच्छता रंगोली बनाई गई, जिसे ग्रामीणों ने खूब सराहा। ग्राम पंचायत खोखरा के मनका दाई मंदिर स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन मंदिर प्रांगण में हुआ। जिसमें जनप्रतिनिधियों, समूह की दीदियों और बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने श्रमदान किया। इस अवसर पर सभी ने सामूहिक रूप से स्वच्छता की शपथ भी ली। इसी क्रम में ग्राम पंचायत चारपारा में सरपंच, सचिव, पंचगण, स्वच्छता दीदी, मितानिन और ग्रामीणों ने मिलकर श्रमदान किया।



शिविर के दौरान चिकित्सकों का सम्मान करते लायन पदाधिकारी

## जनता की सेवा के लिए समय-समय पर आयोजित किया जाता है शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

स्थानीय समाजसेवी संस्था लायंस क्लब द्वारा शनिवार 20 सितम्बर को लायंस भवन में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर से कुल 132 लोग लाभान्वित हुए।

शिविर में प्रमुख रूप से डॉ. स्वाति सोनी खरौद एवं डॉ. साक्षी सोनी शिवरीनारायण द्वारा अपनी सेवाएं प्रदान कर 132 मरीजों का निःशुल्क उपचार करते हुए उन्हें जरूरी परामर्श तथा दवाएं प्रदान की गयी। इस मौके पर लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन संतोष कुमार सोनी ने कहा कि क्लब द्वारा समय-समय पर जनता की सेवा के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है। क्लब के सचिव लायन राजेश अग्रवाल ने कहा कि क्लब की सामान्य सभा एवं संचालक मंडल की बैठक में लिए गये निर्णयानुसार जरूरतमंद लोगों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इससे प्रतिदिन महंगे होते जा रहे उपचार से लोगों को राहत मिलती है। इस दौरान शिविर में सेवाएं प्रदान कर रही चिकित्सक डॉ. स्वाति सोनी एवं डॉ. साक्षी सोनी का क्लब के सदस्यों द्वारा पुष्पगुच्छ, उपहार सामग्री तथा मिष्ठान्न भेंटकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन संतोष कुमार सोनी, कोषाध्यक्ष वासुदेव देवांगन, लायंस क्लब शिक्षण समिति के चेयरमेन लायन रामप्रपन्न देवांगन, उपाध्यक्ष डॉ. के. पी. राठौर, लायन डॉ. जी. पी. दुबे, लायन डॉ. संतोष अग्रवाल, लायन मोहन गुलाबानी, लायन उत्तम प्रकाष देवांगन, लायंस स्कूल की प्राचार्य श्रीमती अजिता वी. के., शिक्षक वीरेन्द्र वर्मा एवं मुख्य लिपिक पूरन लाल बरेठ उपस्थित थे।

■ लायंस क्लब के स्वास्थ्य शिविर से 132 लाभान्वित

### उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 25 अक्टूबर तक आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ राज्य के प्रतिभावान निम्न आय वर्ग के विद्यार्थी जो शिक्षण सत्र 2025-26 में राष्ट्रीय स्तर के उच्च व्यावसायिक संस्थाओं जैसे - आईआईटी, एम्स, आईआईएम, एनएलयू, एमबीबीएस, एनआईटी, आईआईटी में चयन उपरांत प्रवेश प्राप्त करने के लिए तात्कालिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना संचालित है। पात्र अभ्यर्थियों से निर्धारित प्रपत्र में आवेदन '25 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित किया गया है।

## शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अमोरा में न्योता भोज का आयोजन

**अकलतरा।** छ ग स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा प्रधानमंत्री पोषण योजना के अंतर्गत शासकीय शालाओं के छात्र छात्राओं को गुणवत्ता पूर्वक और स्वादिष्ट भोजन कराने हेतु न्योता भोजन के आयोजन का निर्देश है। इसी क्रम में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अमोरा अकलतरा संकुल मुरलीडीह ठाकुर के शिक्षकों के द्वारा पितृ मोक्ष अमावस्या और नवरात्रि प्रारंभ के अवसर पर शालासमस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने बड़ा ,पूड़ी इत्यादि व्यंजन बनाकर न्योता भोज कराया गया। शाला के प्रधान पाठक जयंत सिंह क्षत्रिय ने न्योता भोज का महत्व बताते हुए कहा कि समुदाय एवं समाज के लोगों को शासकीय शालाओं में विभिन्न अवसरों पर विद्यार्थियों के लिए न्योता भोज का आयोजन किया जाना चाहिए जिससे विद्यार्थियों को पौष्टिक भोजन प्राप्त होने के साथ विद्यालय के प्रति उनकी रुचि में बढ़ोतरी हो। इस अवसर पर ग्राम पंचायत अमोरा सरपंच श्रीमती सुधा नवल सिंह ,पंचगण शाला के वरिष्ठ शिक्षक रजनीकांत धीवर ,शैलेन्द्र कुंभकार ,रमा प्रधान ,धनेश राम वर्मा , मध्याह्न भोजन संचालनकर्ता लक्ष्मी स्व सहायता समूह के अध्यक्ष अंशु , रसोइया उपस्थित रहे।



## गर्भवती महिलाओं की जांच कर दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है। जिसमें प्रत्येक दिवस अलग अलग गतिविधिया की जा रही है। इसी तारतम्य में 24 सितंबर को सभी प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान मनाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य गर्भावस्था में गर्भ से संबंधित जटिलताओं की चिन्हांकन करना है।

24 सितंबर को विकासखंड मालखरौदा के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पीएमएसएमए मनाया गया । जिसमे खतरे की पहचान के लिए गर्भकाल में निम्न बातों पर ध्यान दी जाएगी, जैसे की 18 वर्ष के पूर्व गर्भवती होना, 37 वर्ष के बाद पहली बार गर्भवती होना, छोटे कद की महिला का गर्भवती होना, ज्यादा बच्चे पूर्व में ही होना ,पहले प्रसव में कोई जटिलताओं का होना, पहले प्रसव में अबॉर्शन या स्टिल बर्थ का होना पहले प्रसव ऑपरेशन से हुई होना, गर्भवती माताओं को मिर्गी, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, थायराइड, एचआईवी या सिफलिस का होना, किडनी, या लीवर की बीमारी का होना, हृदय रोग का होना, प्रसव पूर्व रक्त स्त्राव का होना, गर्भावस्था में बच्चे का उल्टा या तिरछा होना, गर्भावस्था जुड़वा बच्चे का होना गर्भावस्था में खून की कमी का होना, प्रसव के दौरान अत्यधित रक्त स्राव होना, प्रसव समय लंबा होना आदि ऐसे बहुत से लक्षण हैं जिसकी समय पर पहचान किया जाना जरूरी है। इस अभियान में गर्भवती माताओं के परिजनों को भी जागरूक होना होगा। निजी स्त्रीरोग विशेषज्ञों की सेवाएं नियमित मिलती रहे तथा गर्भवती माताओं के परिजन चिकित्सकों के परामर्श को मानने लगे। साथ ही जटिल प्रसव चिकित्सकों की मार्गदर्शन में होने लगे तो निश्चित रूप से यह अभियान वरदान साबित होगा और हम मातृ मृत्यु और शिशु मृत्यु को कम कर सकते हैं। बीएमओ डॉ मृत्युंजय राठौर ने बताया कि डॉ शशि सिंह, डा. हर्षिता,ज्योति चौबे (आर एम ए ) सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मालखरौदा , डॉ श्रृष्टि जांगड़े प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अड़भार, डॉ प्रबुद्ध भगत, डॉ ऐसान लहरें पीएचसी पिरदा, डॉ अंजलि मसीह पीएचसी घोघरी, डॉ क्षितिज चंद्रा, डॉ नैंसी डहरिया पीएचसी फगुरम, डॉ नीलिमा शतरंज, डॉ ऋषभ देवांगन पीएचसी सिंघरा ने अपनी सेवाएं दी।

■ स्वस्थ नारी सशक्त परिवार के तहत शुरू हुआ प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान



जांच करते चिकित्सक।

### सिलादेही में नेटवर्क की समस्या से जूझे रहे ग्रामीण



**बिर्रा।** सिलादेही गांव के लोग इन दिनों एयरटेल नेटवर्क की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई सप्ताहों से कॉल और इंटरनेट दोनों ही ठीक से काम नहीं कर रहे, जिससे पढ़ाई, ऑनलाइन कामकाज, बैंकिंग और आपातकालीन सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्राहक सेवा में शिकायतों के बावजूद समाधान न मिलने पर लोग खासे परेशान है। उन्होंने प्रशासन और कंपनी से जल्द तकनीकी टीम भेजकर समस्या का स्थायी हल निकालने की मांग की है।

## चित्रकला, निबंध एवं मेंहदी प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़चढ़कर लिया हिस्सा

**बिर्रा।** रजत जयंती महोत्सव के अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सेमरिया (बम्हनीडीह ) द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत विद्यालय में 23 सितंबर को शिक्षा गुणवत्ता के साथ साथ एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें स्वच्छता और नशा मुक्ति विषय पर आधारित चित्रकला, निबंध एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने रचनात्मकता और काल्पनिक शक्ति के माध्यम से स्वच्छ भारत का सपना साकार करने तथा समाज को नशा मुक्त बनाने का संदेश दिया। रंग-बिरंगे चित्रों और निबंधों के माध्यम से यह स्पष्ट किया कि स्वच्छता केवल जिम्मेदारी नहीं बल्कि जीवन शैली का हिस्सा होनी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान विद्यालयों के शिक्षकों और अभिभावकों व शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष सदस्य एवं प्रधान पाठक उमेश कुमार दुबे ने भी बच्चों का उत्साह वर्धन किया। साथ ही प्रधान पाठक उमेश कुमार दुबे ने छात्रों की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छता और नशा मुक्ति जैसे विषय समाज की प्रगति और आने वाली पीढ़ी के उज्जवल भविष्य से जुड़े हुए हैं। प्रतियोगिता पूर्ण करने के पश्चात प्रतिभागी इशिका कश्यप कक्षा छठवीं प्रथम, देवकुमार कश्यप कक्षा छठवीं द्वितीय चित्रकला, वंदना कश्यप कक्षा सातवीं प्रथम,नंदनी जोशी कक्षा आठवीं द्वितीय निबंध,नागेश्वर वर्मा कक्षा आठवीं प्रथम, द्वितीय प्रतीक कश्यप कक्षा आठवीं द्वितीय निबंध को शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजू साहू व सदस्य गुलज़ार खान व शिक्षकों द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए। इस अवसर पर प्रभारी प्रधान पाठक उमेश कुमार दुबे, एकादशियां मांझी,पितांबर प्रसाद कश्यप, टीकाराम गोपालन, कैलाश खूंटे,कौशल यादव, अनुपमा जांगड़े, अशोक जांगड़े,कौशल निराला, अभिभावक व एस एमसी के सदस्य उपस्थित रहे।



विजेता प्रतिभागी को सम्मानित करते अतिथि।

### पंडित सुंदरलाल शर्मा विवि में 15 अक्टूबर तक ले सकेंगे प्रवेश

**बलौदा।** पंडित सुंदर लाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय बिलासपुर में प्रवेश सत्र जून जुलाई 2025-26 में प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय द्वारा छात्र हित में 15 अक्टूबर तक कर दिया गया है। अध्ययन केंद्र शासकीय महाविद्यालय बलौदा के सहायक पंकज गौरहा ने बताया कि विश्वविद्यालय में बीए , बीकॉम, बी बी ए, एमएससी गणित कंप्यूटर साइंस ,पी जी डी सी ए सहित अन्य पाठ्यक्रमों में छात्र प्रवेश ले सकते है।




## अग्रसेन जयंती पर धूमधाम से निकली शोभा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदा

स्थानीय अग्रवाल सेवा समिति महिला जागृति मंच एवं युवा मंच के द्वारा प्रतिवर्ष की भांति अग्र वंश के संस्थापक महाराज अग्रसेन की 5149 वी जयंती धूमधाम से परंपरानुसार मनाई गई है।

इस वर्ष जयंती समारोह का पूजन प्रातः 11 बजे समाज के सभी की उपस्थिति में अग्रसेन भवन बलौदा में किया गया। सायं 4 बजे पूरे नगर में शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। शोभायात्रा में समाज के बड़े बुजुर्ग महिलाएं युवा साथी सभी उपस्थित थे। शोभायात्रा अग्रसेन भवन से होते हुए बिलासपुर कोरबा मुख्य मार्ग में अशोक अग्रवाल के घर से वापसी मीना राम जी के घर से होते हुए पुनः अग्रसेन भवन वापस आया। जयंती समारोह का शुभारंभ संध्या 7 बजे मुख्य अतिथि अजय अग्रवाल कोरबा प्रेसिडेंट डीबी पावर अनूपपुर एवं पवन अग्रवाल नेताजी फर्नीचर जांजगीर के द्वारा समाज के सभी सदस्यों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर किया गया। अजय अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में समाज के बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे आने के लिए प्रेरित किया। साथ ही हर संभव सहयोग करने आश्वासन। सिंघानिया ने सर्व समाज के जरूरतमंद लोगों के कार्य में काम आने के लिए एक संस्था बनाने का निर्णय लिया। उद्बोधन के पश्चात बीते 15 दिनों में हुए कार्यक्रमों के विजेताओं को शील्ड से सम्मानित किया गया एवं अग्रवाल समाज के मेघावी छात्रों को मेडल पहनकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में अग्रवाल सेवा समिति के अध्यक्ष खेमचंद अग्रवाल मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष उपकार गोयल महिला जागृति मंच की अध्यक्षता श्रीमतीपायल गोयल एवं समाज से जानकी प्रसाद किशन गोयल संतोष भोजासिया सुरेश मित्तलसतीश गोयल सुभाष मित्तल प्रमोद गोयल धनराज मित्तल बालकिशन अग्रवाल किशन सिंघल मनीष मित्तल राजकुमार मित्तल मनोज गर्ग गोपी भोजासिया हरीश गोयल अनूप अग्रवाल जितेश अग्रवाल मनीष मुंबई वाले ओमप्रकाश गोयल शुभम मित्तल कमल प्रसाद भोजासिया गौरव गोयल कालूराम डोंगरी उपस्थित थे।



शोभा यात्रा में शामिल समाज के लोग।

